बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022 1623 **पटना, दिनांक :** 2/7/2022

आदेश

दिनांक 05.05.2022 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा में किए जा रहे विशेष सर्वेक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसमें उक्त जिला के नोडल पदाधिकारी भी उपस्थित थे। समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री ओम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN01179) द्वारा इनको आवंटित मौजा जलालपुर का किस्तवार कार्य 09 महीनों की लम्बी अवधि में पूर्ण किया गया है। साथ ही खानापुरी कार्य 04 महीनों से लंबित है। श्री प्रकाश द्वारा समीक्षात्मक बैठक में इस कृत्य के लिए कोई उत्तर नहीं दिया गया।

उक्त के आलोक में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक 1078 दिनांक 11.05.2022 द्वारा श्री प्रकाश को कार्य में अभिरूची नहीं लेने एवं कार्य में शिथिलता बरतने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण 03 दिनों के अन्दर समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री प्रकाश द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण पर नोडल पदाधिकारी द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत प्राप्त मंतव्य पर तदनुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि इनको आवंटित मौजा का किस्तवार कार्य 9 माह में पूर्ण किया गया है। तत्पश्चात खानापुरी कार्य 04 माह से लंबित है। साथ ही इनके द्वारा अमीन डायरी का नियमित रूप से दैनिक संधारण भी नहीं किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि इनके दैनिक कार्यो की उपलब्धि अधिनियम / नियमावली में वर्णित समय-सीमा के विपरित है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि श्री प्रकाश द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यो में रूची नहीं ली जा रही है एवं इनके द्वारा इतने महत्वपूर्ण कार्यो में गंभीर लापरवाही बरती गयी है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे समयावधि में पूरा किया जाना है। इस तरह के कृत्य से भू-सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए इनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है।

उक्त के आलोक में **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** में वर्णित प्रावधान के तहत श्री ओम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN01179) का संविदा अनुबंध रद्द किया जाता है।

(जय सिंह) 1/7/22
निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022 1623 **पटना, दिनांक** :– 2/7/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022 1623 **पटना, दिनांक** :– 2/7/2022

प्रतिलिपि :– श्री ओम प्रकाश, विशेष सर्वेक्षण अमीन (आई0डी0 सं0 AEN01179), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा E-Mail - opsingh9534@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(3)विविध–08 / 2022 1623 **पटना, दिनांक** :– 2/7/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू-अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 1/7/22
भू-अभिलेख एवं परिमाप